(घ) नागरी प्रचारिणी सभा, की स्थापना कब हुई थी ?

(ङ) 'ग्राम्या' अथवा 'पल्लव' का प्रकाशन वर्ष लिखिए।

(च) 'नक़्श-फ़रियादी' और 'ज़िन्दानामाँ किसकी कृतियाँ हैं ?

(छ) 'गुल-ए-नगमा' किसकी कृति हैं ?

(ज) हिन्दी का पहला समाचार-पत्र कब और कहाँ से प्रकाशित हुआ था ?

(झ) 'आखिरी चट्टान' और 'चीड़ों पर चाँदनी' के लेखकों के नाम लिखिए।

(ञ) हिन्दी नवजागरण की परिकल्पना प्रस्तुत करने वाले आलोचक का नाम लिखिए।



500



**M/Sem II/403**

# M.A. (Semester II) Examination, 2014-15

## HINDI

## Paper : VII

### Adhunik Hindi Sahitya Ka Itihas

***Time : Three Hours*** ***Full Marks : 70***

*(Write your Roll No. at the top immediately on the receipt of this question paper)*

### खण्ड-क
### (दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

**निर्देश** : किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

4×10=40

**1.** 'हिन्दी-साहित्य का आधुनिक काल 'गद्य-काल' है।' आचार्य रामचन्द्र शुक्ल के इस कथन की विवेचना कीजिए।

**2.** हिन्दी निबंधों के विकास में भारतेन्दु युग का योगदान स्पष्ट कीजिए।

**3.** ''स्वतंत्रता आंदोलन का आधुनिक हिन्दी साहित्य पर निर्णायक प्रभाव पड़ा'' - विवेचना कीजिए।

4. महावीर प्रसाद द्विवेदी के साहित्यक आदर्शों का विवेचन कीजिए।

5. ''छायावाद स्थूल के प्रति सूक्ष्म का विद्रोह है।'' इस कथन के आधार पर छायावाद की प्रमुख प्रवृत्तियों की समीक्षा कीजिए।

6. आधुनिक हिन्दी काव्य परम्परा में प्रगतिवाद के योगदान पर प्रकाश डालिए।

7. समकालीन कविता के स्वरूप को स्पष्ट कीजिए।

8. स्वातंत्र्योत्तर हिन्दी कहानी के विभिन्न आन्दोलनों की संक्षिप्त चर्चा कीजिए।

9. आधुनिक उर्दू कविता में इक़बाल, फैज़ और फ़िराक़ का महत्व प्रतिपादित कीजिए।

## खण्ड–ख
## (लघु उत्तरीय प्रश्न)

**निर्देश :** किन्हीं **चार** प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए।

4×5=20

1. भारतेन्दु युगीन कविता में परम्परा और आधुनिकता के संगम पर विचार कीजिए।

2. छायावादी काव्य में 'प्रकृति' की भूमिका पर प्रकाश डालिए।



M/Sem II/403

3. आधुनिकता बोध के अर्थ सन्दर्भ को स्पष्ट कीजिए।

4. एक साहित्यिक विधा के रूप में संस्मरण अथवा जीवनी के महत्व पर प्रकाश डालिए।

5. स्वातंत्र्योत्तर हिन्दी आलोचना पर संक्षिप्त निबंध लिखिए।

6. आधुनिक हिन्दी नाटकों के विकास का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

7. स्वातन्त्र्योत्तर हिन्दी उपन्यास में चित्रित दलित चेतना का विवेचना कीजिए।

8. स्वातन्त्र्योत्तर उर्दू उपन्यास पर एक संक्षिप्त निबंध लिखिए।

## खण्ड–ग
## (अति लघुउत्तरी प्रश्न)

**निर्देश : सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

1×10=10

(क) ''जगत है सच्चा तनिक न कच्चा, समझो बच्चा! इसका भेद'' कविता की इस पंक्ति-विशेष के लेखक का नाम लिखिए।

(ख) फोर्ट विलियम कॉलेज के माध्यम से आई खड़ी बोली गद्य की दो आरम्भिक पुस्तकों के नाम लिखिए।

(ग) 'हिन्दी नए चाल में ढली' यह किसका कथन है ?